**BTTL**

# भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड

सीआईएनः L18101RJ2007PLC025502
**पंजीकृत कार्यालयः** एलएनजे नगर, मोर्दी, बांसवाड़ा - 327001, राजस्थान, भारत
**फोनः** +91-2961-231251-52, 231385
**कॉर्पोरेट कार्यालय :** भीलवाड़ा टॉवर्स, ए-12, सेक्टर-1, नोएडा - 201301, (उ.प्र.), **फोनः** +91-120-4390300 (EPABX)
**ईमेलः** bttl.investor@lnjbhilwara.com, **वेबसाइटः** www.bttl.co.in

PROUD TO BE INDIAN PRIVILEGED TO BE GLOBAL

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो–विजुअल साधनों के माध्यम से आयोजित होने वाली भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड की 18वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना

**एतद् द्वारा सूचित किया जाता है** कि भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड **("कम्पनी")** की 18वीं वार्षिक आम बैठक **("एजीएम") बृहस्पतिवार, 18 सितम्बर, 2025 को 2:00 बजे अपराह्न,** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग **("वीसी")**/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों **("ओएवीएम")** के माध्यम से आयोजन स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, कम्पनी अधिनियम, 2013 के लागू होने योग्य प्रावधानों एवं इसके अंतर्गत जारी नियमों तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांकित 5 मई, 2020 और 9/2024 दिनांकित 19 सितम्बर, 2024 के साथ पठित सेबी परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 दिनांकित 3 अक्टूबर, 2024 के साथ पठित सेबी मास्टर परिपत्र संख्या SEBI/ HO/CFD/PoD2/CIR/P/0155 दिनांकित 11 नवंबर, 2024 के साथ ही एमसीए एवं सेबी द्वारा इस संबंध में जारी अन्य लागू परिपत्रों के अनुपालन में, 18वीं एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय के सम्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक का स्थान कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय माना जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु वार्षिक आम बैठक की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट मात्र उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से भेजे जाएँगे, जिनका ईमेल पता कम्पनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी **("डीपी")** के साथ पंजीकृत है। इसके अतिरिक्त, कम्पनी उन शेयरधारकों को, जिनका ईमेल पता कम्पनी/डीपी के पास पंजीकृत नहीं है, वार्षिक रिपोर्ट का सटीक पथ सहित वेब–लिंक प्रदान करने वाला एक पत्र भी भेजेगी। पूर्ण वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति उन शेयरधारक(ओं) को भेजी जाएगी जो इसके लिए अनुरोध करेंगे। वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट **www.bttl.co.in**, स्टॉक एक्सचेंज अर्थात् बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट **www.bseindia.com** पर उपलब्ध कराई जाएगी।

कम्पनी अपने सदस्यों को, एनएसडीएल के माध्यम से एजीएम में किए जाने वाले व्यवसायों के संबंध में, रिमोट ई–वोटिंग एवं एजीएम में ई–वोटिंग की सुविधा प्रदान करेगी। **शुक्रवार, 12 सितम्बर, 2025 की कट–ऑफ तिथि** तक भौतिक रूप में या डीमैट रूप में शेयर रखने वाले सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। रिमोट ई–वोटिंग अवधि **सोमवार, 15 सितम्बर, 2025 (9:00 बजे पूर्वाह्न) से आरम्भ होगी एवं बुधवार, 17 सितम्बर, 2025 (5:00 बजे अपराह्न) को समाप्त होगी।** वे सदस्य, जो वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हों और जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना वोट नहीं डाला है और अन्यथा ऐसा करने से प्रतिबंधित नहीं हैं, एजीएम दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान करने हेतु पात्र होंगे।

ई–वोटिंग हेतु लॉगिन विवरण सदस्यों को उनके पंजीकृत ईमेल पते पर उपलब्ध कराया जाएगा। जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता/केवाईसी पंजीकृत नहीं कराया है, वे कम्पनी के रजिस्ट्रार व शेयर ट्रांसफर एजेंट **("आरटीए")** अर्थात् बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड या अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी **("डीपी")** के माध्यम से इसे पंजीकृत/अद्यतन करवा सकते हैं एवं एजीएम की सूचना में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार एजीएम में मतदान के साथ ही रिमोट ई–वोटिंग सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

वह व्यक्ति जिसका नाम **शुक्रवार, 12 अगस्त, 2025 की कट–ऑफ तिथि** को सदस्यों के रजिस्टर या डीमैट रूप में या भौतिक रूप में शेयर रखने वाले लाभकारी स्वामी के रजिस्टर में दर्ज है, वह एजीएम की सूचना में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार एजीएम में मतदान के साथ ही रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने हेतु अधिकृत होगा।

उपरोक्त जानकारी कम्पनी के सभी सदस्यों की जानकारी और लाभ के लिए जारी की जा रही है और एमसीए परिपत्रों(ओं) एवं सेबी परिपत्र(ओं) के अनुपालन में है।

### भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोधों को पुनः दर्ज करने हेतु विशेष विंडो की सूचना

सेबी परिपत्र SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 दिनांकित 2 जुलाई, 2025 के अनुसार, भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोध जिन्हें 1 अप्रैल, 2019 से पूर्व अस्वीकार कर दिया गया था और लॉगर को वापस कर दिया गया था तथा दस्तावेजों/प्रक्रिया/या किसी अन्य कमी के कारण 31 मार्च, 2021 की विस्तारित समय–सीमा से पूर्व पुनः दर्ज नहीं किया गया था, उन्हें त्रुटियों को सुधारने के बाद, 6 महीने के अन्दर अर्थात् 7 जुलाई, 2025 से 6 जनवरी, 2026 तक कम्पनी के रजिस्ट्रार व शेयर ट्रांसफर एजेंट्स ("आरटीए"), बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ("आरटीए") के साथ उनके कार्यालय बीटल हाउस, तृतीय तल, 99 मदनगीर, लोकल शॉपिंग सेंटर के पीछे, दादा हरसुखदास मंदिर के निकट, नई दिल्ली–110062, फोन नंबर 011–29961281–83, ईमेलः **beetalrta@gmail.com** में हस्तांतरण के पंजीकरण हेतु पुनः दर्ज किया जा सकता है।

हस्तांतरित शेयर केवल तभी डीमैट मोड में जारी किए जाएँगे जब आरटीए द्वारा सभी दस्तावेज सही पाए जाएँगे। आरटीए के पास स्थानांतरण हेतु दस्तावेज जमा करते समय, आवेदक के पास एक डीमैट खाता होना चाहिए तथा उसे अपनी क्लाइंट मास्टर सूची ("सीएमएल"), हस्तांतरण दस्तावेज एवं शेयर प्रमाणपत्र के साथ प्रस्तुत करनी होगी। 6 जनवरी, 2026 के बाद प्रस्तुत किए गए हस्तांतरण अनुरोध कम्पनी/आरटीए द्वारा स्वीकार/विचारित नहीं किए जाएँगे।

**बोर्ड के आदेशानुसार**
**कृते भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड**
**हस्ताक्षर**
**अवनीष मौर्य**
**कम्पनी सचिव एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी**
**सदस्यता संख्याः एसीएस–49392**

**स्थानः नोएडा (उ.प्र.)**
**दिनांकः 21 अगस्त, 2025**